
# 13 खिलौने ही खिलौने



**चित्रों को देखिए और खिलौनों की संख्या पता कीजिए।**




हाथी  ____

भालू  ____

गाड़ी  ____

गुड़िया  ____

**अधिक/कम/बराबर का प्रयोग कर निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए।**

क. गुड़ियों  की संख्या गाड़ियों  की संख्या से _______ है।

ख. हाथियों  की संख्या गुड़ियों  की संख्या से _______ है।

ग. भालुओं  की संख्या हाथियों  की संख्या से _______ है।

घ. गाड़ियों  की संख्या भालुओं  की संख्या से _______ है।

© NCERT not to be republished

## रंग बिरंगे फूल

बगीचे में सबसे अधिक दिखने वाले फूलों के रंगों का नाम बताइए।

**रंग-बिरंगे फूलों के चित्र को देखिए और फूलों की संख्या लिखिए।**

नीले फूल ☐ लाल फूल ☐

नारंगी फूल ☐ बैंगनी फूल ☐

क. सबसे कम संख्या वाले फूलों के रंग का नाम लिखिए।

______________________

ख. सबसे अधिक संख्या वाले फूलों के रंग का नाम लिखिए।

______________________

## सही या गलत

ग. लाल रंग के फूलों की संख्या नीले रंग के फूलों की संख्या से ज्यादा है। ☐

घ. नारंगी रंग के फूलों की संख्या बैंगनी रंग के फूलों से कम है। ☐

## परियोजना कार्य

क. रंग-बिरंगे फूलों की किनारी वाला कार्ड बनाएँ।

ख. अपनी कक्षा में पता करें कि कितने बच्चों के नामों में तीन अक्षर, चार अक्षर और चार से अधिक अक्षर आते हैं।

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25




# पहेलियाँ

क. कोंपल ने संख्या कार्ड लगाए और अनाया ने उन्हें कटोरियों से इस तरह ढक दिया। क्या आप इन संख्याओं को पहचान सकते हैं?




आप भी ऐसे ही संख्या कार्डों की संख्याएँ हाथ से छिपाएँ और अपने मित्रों के साथ यह खेल खेलिए।

ख. गिनो और बताओ कि कितनी लकड़ियाँ हैं— 3 या 4?




ग. जरीना ने इन गिलासों को इस तरह लगाया, आप इसे आगे बढ़ाने में सहायता कीजिए।



________________ ________________

© NCERT not to be republished


Reprint 2024-25

घ. एक से दस तक की संख्याओं को ढूँढ़िए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द | त | स | सा | ठ | ती | ह |
| च | ए | न | ह | त | दो | क |
| नौ | छ | क | त | चा | द | सा |
| ठ | पाँ | च | ए | र | आ | स |
| आ | स | ह | द | न | ए | छ |
| त | ठ | ती | न | पाँ | द | ह |



ङ. इन गेंदों में 1 से 5 तक की संख्याएँ लिखिए जिससे दोनों ओर का जोड़ बराबर हो।



च. गिल्लू केवल 8 ही बोलती है। उससे कोई ऐसा प्रश्न पूछो जिसका उत्तर 8 हो तो वह खुश हो जाती है और ऐसा प्रश्न पूछो जिसका उत्तर 8 न हो तो निराश हो जाती है।

अब गिल्लू से ऐसे प्रश्न पूछिये जिसका उत्तर 8 हो।

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25


छ. △, □ और ○ को इन खानों में इस तरह बनाइए कि कोई भी आकृति प्रत्येक पंक्ति (आड़े में) और प्रत्येक स्तंभ में (खड़े में) केवल एक बार ही हो।








ज. चार तरह की 4 वस्तुएँ, जैसे— 4 बटन, 4 कंकड़, 4 बीज, 4 मिट्टी के गोले आदि लें। अब उन्हें दिए गए बक्सों में इस प्रकार रखें कि प्रत्येक वस्तु एक पंक्ति (क्षैतिज) और एक स्तंभ (ऊर्ध्वाधर खड़ी) में केवल एक बार आए।






क्या आप किसी और तरीके से भी इसे भर सकते हैं?

झ. मैं कौन हूँ?

अ. मैं 5 और 10 के बीच की संख्या हूँ और उल्टा (ऊपर से नीचे की ओर) पढ़ने पर मैं तीन अधिक हो जाता हूँ।

ब. मैं 8 से 3 अधिक और 14 से 3 कम हूँ।

स. मैं 50 के बाद और 54 के पहले की संख्या हूँ और मेरे अंकों का योग 7 है।

द. मैं 40 के ठीक पहले की संख्या हूँ।

य. मुझमें 5 जोड़ दो तो पूरे 24 हो जाएँगे।


र. मैं 35 के ठीक बाद की संख्या हूँ।

ल. मुझमें से 8 कम कर दो तो 14 ही बचेंगे।




© NCERT not to be republished
Reprint 2024-25

ञ. बताओ, मैं कौन हूँ? (आप चाहें तो दर्पण की सहायता ले सकते हैं।)




ट. 0 बनाने के लिए 6 दियासलाइयों (माचिस) का उपयोग हुआ है।



क्या आप एक दियासलाई को उठाकर कहीं और रखकर दूसरी संख्या बना सकते हैं?

ठ. गायब टुकड़े को ढूँढ़िए और घड़े को पूरा कीजिए।





© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

ड. आप संख्या 5 को कितनी बार 25 में से घटा सकते हैं?

ढ. रानू के पास 3 बीज हैं। वह नीचे दिए गए संख्या चार्ट की किन्हीं 3 संख्याओं पर बीज लगाना चाहती है, ताकि उन संख्याओं का योग 17 हो जाए। क्या आप इसमें रानू की सहायता कर सकते हैं?


| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 6 | 7 |
| 16 | 0 | 8 | 5 |
| 15 | 13 | 1 | 2 |
| 17 | 2 | 3 | 12 |

आपने इसे कितने प्रकार से किया?

यदि आपके पास 2 बीज हैं, तो आप उसे कौन-सी संख्या पर रखेंगे जिससे कुल 17 प्राप्त हों?

ण. सही छाया चित्र पर घेरा लगाइए।







© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25


त. 5 से 9 तक के प्रत्येक संख्या को खानों में ऐसे लिखिए जिससे पंक्ति और स्तंभ का योग समान हो।









थ. जोड़ अथवा घटाव करके बीच की संख्या बनाएँ।




द. खाली स्थान ◯ में उपयुक्त संख्या लिखिए।






ध. सरिता के पास 4 अलग-अलग मूल्य के सिक्के हैं।



₹49 खर्च करने के लिए सिक्कों की कम से कम संख्या कितनी होनी चाहिए?

न. संतरे  का मान पता लगाओ।




प. आओं, गेंदों से खेलें।*




अ. ऐसी तीन गेंद चुनिए जिनका योग 15 हो।

ब. ऐसी तीन गेंद चुनिए जिनका प्राप्तांक (स्कोर) सबसे अधिक हो।

स. ऐसी तीन गेंद चुनिए जिनका प्राप्तांक (स्कोर) सबसे कम हो।

***हल के लिए संकेत*—**

गेंदों को घुमाकर पहेली को हल करने का प्रयास करें।

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

# टिप्पणी

© NCERT
not to be republished

# टिप्पणी

© NCERT not to be republished